| |
|---|
| दिनांक 20.07.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 29/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद बहराइच/थाना सिरसिया

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **नगद रूपये**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 19.07.2025 को थाना सिरसिया पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गुलरा ताल बाघौडा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त इसराफिल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से नगद रूपये, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना मल्हीपुर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना सिरसिया पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—इसराफिल निवासी बक्सी गांव थाना नवाबगंज जनपद बहराइच।

**बरामदगी**

1—नगद रूपये।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद गोरखपुर/थाना गगहा

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 20.07.2025 को थाना गगहा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गड़ही जाने वाला लिंक मार्ग से पुरस्कार घोषित अभियुक्त विक्रम को गिरफ्तार किया

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना गगहा पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना गगहा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–विक्रम निवासी ग्राम गड़ही थाना गगहा जनपद गोरखपुर।

**कमिश्नरेट प्रयागराज/थाना कौंधियारा**

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 35 लाख रूपये कीमत के लूट के (पीली–सफेद) धातु के आभूषण**
- **लूट के 89 हजार 870 रूपये नगद**
- **लूट का 01 मोबाइल फोन सहित 05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 20.07.2025 को थाना कौंधियारा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर प्रयागराज–रीवा हाईवे पर बारा मोड़ के पास से 05 अभियुक्तों 1–अरूण कुमार 2–विपिन 3–उत्तम उर्फ बन्टी 4–आशिफ उर्फ फैजान उर्फ कटिलैया 5–निखिल को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 35 लाख रूपये कीमत के लूट के (पीली–सफेद) धातु के आभूषण, लूट के 89 हजार 870 रूपये नगद, लूट का 01 मोबाइल फोन सहित 05 अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 18.07.2025 को थाना कौंधियारा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कौंधियारा पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रय़ास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपया आदि उक्त घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर

किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त अरूण के विरूद्ध कमिश्नरेट प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 06 अभियोग, अभियुक्त उत्तम उर्फ बंटी के विरूद्ध कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कौंधियारा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–अरूण कुमार निवासी ग्राम बरेठिया थाना कौंधियारा कमिश्नरेट प्रयागराज।

2–विपिन निवासी ग्राम जारी थाना कौंधियारा कमिश्नरेट प्रयागराज।

3–उत्तम उर्फ बन्टी निवासी 443/48 मिश्री बाग डूडा कॉलोनी थाना ठाकुरगंज कमिश्नरेट लखनऊ।

4–आशिफ उर्फ फैजान उर्फ कटिलैया निवासी डूडा कॉलोनी राधा ग्राम थाना ठाकुरगंज कमिश्नरेट लखनऊ।

5–निखिल निवासी पुराना तोपखाना बालागंज थाना ठाकुरगंज कमिश्नरेट लखनऊ।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लगभग 35 लाख रूपये कीमत के लूट के (पीली–सफेद) धातु के आभूषण।

2–लूट के 89 हजार 870 रूपये नगद।

3–लूट का 01 मोबाइल फोन सहित 05 अभियुक्त गिरफ्तार।

4–घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि।

## <u>जनपद श्रावस्ती/थाना गिलौला</u>

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 19.07.2025 को थाना गिलौला व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बलरामपुर मार्ग पर कमोलिया पुलिया के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त पेशकार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद श्रावस्ती, बहराइच, गोण्डा के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी एक्ट, गुण्डा एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 23 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना गिलौला पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना गिलौला पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—पेशकार निवासी सावल पुरवा दा0 चौकशा थाना खैरीघाट जनपद बहराइच।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद बदायूँ/थाना अलापुर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 20 लाख रूपये कीमत के 75 किलो 890 ग्राम अवैध गांजा**
- **नगद रूपये, 03 मोबाइल फोन**
- **01 कार आदि बरामद**

दिनांक 19.07.2025 को थाना अलापुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हसनपुर हुरियाई जाने वाले रास्ते पर चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तों 1—आलिम 2—पवन को गिरफ्तार किया गया एवं एक अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 20 लाख रूपये कीमत के 75 किलो 890 ग्राम अवैध गांजा, नगद रूपये, 03 मोबाइल फोन, 01 कार आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना अलापुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—आलिम निवासी ग्राम आसपुर थाना अलापुर जनपद बदायूँ।

2—पवन निवासी ग्राम फरीदपुर थाना अलापुर जनपद बदायूँ।

**बरामदगी**

1—लगभग 20 लाख रूपये कीमत के 75 किलो 890 ग्राम अवैध गांजा।

2—नगद रूपये, 03 मोबाइल फोन।

3—01 कार आदि।

**कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना साइबर क्राइम**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **धोखाधड़ी के 06 लाख रूपये नगद**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोबाइल फोन, 04 एटीएम कार्ड, 02 मुहर, 02 चेकबुक आदि बरामद**

दिनांक 19.07.2025 को थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना विजयनगर क्षेत्र से अभियुक्त सुमित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से धोखाधड़ी के 06 लाख रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त 01 मोबाइल फोन, 04 एटीएम कार्ड, 02 मुहर, 02 चेकबुक आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो भोले—भाले लोगो को सोशल मीडिया प्लेटफार्म/व्हाट्सएप ग्रुप के मध्यम से लिंक भेजकर फर्जी शेयर ट्रेडिंग वेबसाइट में अकाउन्ट खुलवाकर क्रिप्टो ट्रेडिंग में अत्यधिक मुनाफा का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी की घटना कारित की जाती है।

इस सम्बन्ध में थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—सुमित निवासी सी6/63 सेकण्ड फ्लोर सेक्टर 15 रोहिणी दिल्ली।

**बरामदगी**

1—धोखाधड़ी के 06 लाख रूपये नगद।

2—घटना में प्रयुक्त 01 मोबाइल फोन, 04 एटीएम कार्ड, 02 मुहर, 02 चेकबुक आदि।

———————